खबर संक्षेप

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार



**मैहर।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी मुन्नीलाल कोरी पिता गया दिन कोरी उम्र 45 वर्ष निवासी डेल्हआ मैहर के कब्जे से 16 पाव गोवा तथा 25 पाव प्लेन मदिरा मुल्य लगभग 4000 रुपये बरामद कर विधिवत प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 की धारा 34 (1) के अंतर्गत कायम किया गया है। आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

## नगर निगम में नेशनल लोक अदालत कार्यक्रम आयोजित

**सतना।** नगर पालिक निगम में आयोजित नेशनल लोक अदालत खण्डपीठ क्रमांक-10 में कुल 476 प्रकरण निराकृत किये गये। जिसमें संपत्तिकर एवं अन्य संलग्न करों की राशि 45,53,104 रुपये,राजस्व किराया राशि 14,88,569 रुपये एवं जलकर राशि 231,000 रुपये कुल राशि 62,70,673 रुपये वसूल की गई। लोक अदालत दिवस पर बकाया करों का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को लगभग राशि 4,48,152 रुपये अधिभार छूट का लाभ प्राप्त हुआ।

## महिला ने लगाई फांसी

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। जानकारी के अनुसार ग्राम गुड़ा कला में रिंकू मौर्य पति रिषिकेश मौर्य 30 निवासी गुड़ा कला थाना बड़वारा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## हादसे में युवक की मौत

**कटनी।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। हादसा बड़वारा थाना क्षेत्र में हुआ। जानकारी के अनुसार सीएम राइज स्कूल बड़वारा हाइवे-43 में 9 मई को गोविंद सिंह पिता शंकर सिंह (28) निवासी जमुनिया थाना आमदरा जिला मैहर की लोडर वाहन क्रमांक एमपी 21 जी 2487 टक्कर से मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए चालक के खिलाफ धारा 304ए, 184 मोटर वीकर एक्ट का मामला दर्ज किया है।

# तेज आंधी से कई जगहों पर गिरे पेड़ मकान क्षतिग्रस्त आवागमन भी हुआ ठप

सतना

रविवार को एक बार फिर मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी तूफान की वजह से कई जगहों पर पेड़ धराशाई हो गए। एक पेड़ घर के ऊपर गिर गया जिसके कारण पूरी गृहस्ती नष्ट हो गई कई जगहों पर सड़क पर पेड़ गिरने से आवागवन ठप हो गया। आंधी तूफान के बाद कई जगहों पर पानी गिरने की भी खबरें मिली है। मिली जानकारी के मुताबिक मझगवां में तेज हवा के बाद बारिश भी हुई जिसकी वजह से जिन लोगों ने फसल काट कर रखी थी उनके माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई थी। चित्रकूट-मझगवां बायपास में पापरचुआ के समीप लोहे का पोल सड़क की तरफ झुक गया जिसके कारण आवागमन अवरुद्ध हो गया। सूचना मिलने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे गए। इसी प्रकार देवलहा में पेड़ गिरने से कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत मझगवां के ग्राम पंचायत देवलहा निवासी मैयादीन बहेलिया पिता भैयालाल बहेलिया के घर माध्यमिक विद्यालय पर लगा हुआ यूके लिप्टिस का पेंड़ आंधी के कारण घर पर टूट कर गिर गया।जिसके कारण कच्चा घर खपरैल एवं दीवाल टूट गई। साथ ही बाहर खड़े हुए ट्रेक्टर पर लगी हुई धान कुटी मशीन एवं ऑटो भी छतिग्रस्त हो गई।



### रेलवे में एरिया मैनेजर के दफ्तर के पास वर्षों पुराना पीपल का पेड़ आंधी से उखड़ा



रेलवे स्टेशन में पश्चिम इलाके में एरिया मैनेजर कार्यालय के पास वर्षों पुराना एक पीपल का पेड़ तेज हवा के कारण जमीन से अलग हो गया। गनीमत यह रही कि इस दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक पेड़ के गिरने से टिकट काउंटर के निकट बनी एक दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है। बुकिंग ऑफिस का लेटर भी टूट गया है। बताया जाता है कि यहां पर कंक्रीट का फर्श होने के कारण पेड़ को पानी वर्षों से नहीं मिल रहा था। उसकी जड़ें कमजोर हो गईं थीं।

### मैहर में भी बेमौसम बरसात बनी मुसीबत का सबब

मैहर में बे मौसम बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। वार्ड नंबर 14 एवं 15 की नल जल योजना के तहत एवं सीवर लाइन डालने के बाद ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है। जिसका खामियाजा वार्ड वासी भोग रहे हैं। लोगों का



घर से निकलना मुश्किल हो गया है। वार्ड नंबर 14 में जगह-जगह कीचड़ का जमावड़ा है। जिसके कारण आवागमन मुश्किल हो रहा है।

# युवक के साथ मारपीट और अपमानित करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



सतना

सिटी कोतवाली पुलिस ने धवारी स्टेडियम में युवक से मारपीट कर कान पकड़कर उठक-बैठक लगवाने और पैर छुआने की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक फरार चल रहे आरोपी अंकित सिंह को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अंकित को न्यायालय पेश किया गया,जंहा से उसे जेल भेज दिया गया। इसी प्रकार कोठी में भगवान परशुराम पर आपत्तिजनक टिप्पणी एवं गाली देने वाले व्यक्ति सुरेश चंद्र कचेर के विरुद्ध धारा 295 ए के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उच्च न्यायालय में पेश कर दिया।

## कलेक्टर ने जगतदेव तालाब की साफ-सफाई में किया श्रमदान



**सतना।** सतना शहर स्थित जगतदेव तालाब में एकत्र मलबे और जलकुंभी की साफ-सफाई के लिये सामाजिक संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। रविवार की सुबह कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सतना के जगतदेव तालाब पहुंचकर सामाजिक संस्था द्वारा तालाब की जा रही साफ-सफाई में सहभागिता निभाते हुये श्रमदान किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने सामाजिक संस्था के सहयोगियों के साथ तालाब में जमा मलबे को तगाड़ियों से निकालते हुये सफाई कार्य में सहयोग प्रदान किया। कलेक्टर ने कहा कि प्राकृतिक संरचनाओं को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। वर्षा जल के एकत्रीकरण में तालाबों की महत्वपूर्ण उपयोगिता होती है। सामाजिक संस्था के सहयोग से जगतदेव तालाब की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिये चलाया जा रहा सफाई अभियान एक सराहनीय प्रयास है। उन्होने कहा कि सभी लोग स्वच्छ आदतों को अपनायें। जलस्त्रातों की स्वच्छता बनाये रखने अपशिष्ट पदार्थ और प्लास्टिक सामग्री नहीं फेंके। जल स्त्रोतों को संरक्षण के लिये और स्वच्छ रख-रखाव के लिये सम्मिलित प्रयासों की आवश्यकता है। कलेक्टर श्री वर्मा ने तालाब के स्वच्छता अभियान में जुटे लोगों की सराहना की और उनके इस प्रयास के लिये प्रोत्साहित भी किया।

## अड़ीबाजी करने वाले आरोपियों को भेजा गया जेल
## शराब पीने के लिये पैसा न देने पर गली गलौच कर की थी मारपीट

**मैहर।** पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फरियादी थाना आकर रिपोर्ट लेख कराया था कि मैं आज घर से सब्जी लेने मैहर आया था वापस भेड़ा लौट रहा था रास्ते में मैहर इन होटल रीवा रोड मैहर के पास चारो आरोपी मिले और बोले कि हमे शराब पीने के लिए पैसे दो तब फरियादी बोला कि हमने सब्जी खरीद ली है पैसे नही दिए तभी पैसे नही देने पर आरोपियों द्वारा गाली



गलौच मारपीट की गई रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र.-449/2024 धारा 327,294,323,50634 ता. हि.के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर तीन आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया,एक आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपीगण को दिनांक 12/05/2024 को न्ययालय पेश किया गया जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल मैहर भेजा गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम दशरथ प्रजापति उर्फ गुड्डू पिता कंछेदीलाल प्रजापति उम्र 21 वर्ष निवासी पहाड़ी थाना मैहर,भागचंद पाल पिता तीरथ प्रसाद पाल उम्र 21 वर्ष निवासी पहाड़ी थाना मैहर जिला मैहर और अमित सिंह पिता जसमत सिंह उम्र 20 साल निवासी पहाड़ी थाना मैहर है। अतुल सिंह निवासी वंसीपुर थाना मैहर फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

# एकेएसयू के प्रो चांसलर अनंत आईकॉनिक लीडर ऑफ़ द ईयर अवार्ड 2024 से सम्मानित

**सतना।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करने वाले एकेएसयू के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी को नई दिल्ली में एक बड़े सम्मान से नवाजा गया। उन्हें आईकॉनिक लीडर ऑफ़ द ईयर अवार्ड 2024 प्रदान किया गया जो उनकी विकासशील सोच की ख्याति के अनुरूप है। कार्यक्रम सेंटर ऑफ एजुकेशन ग्रोथ एंड रिसर्च द्वारा आयोजित हुआ। शिक्षा गौरव पुरस्कार सेरेमनी 2024 नई दिल्ली के मंच से उन्हें यह पुरस्कार प्रशस्ति पत्र के साथ 2 मई को प्रदान किया गया। आज एकेएस विश्वविद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मंचों पर बड़े सम्मान से लिया जाता है। आईकॉनिक लीडर ऑफ़ द ईयर अवार्ड 2024 सम्मान के लिए अनंत जी का चयन आउटस्टैंडिंग और एग्जांपलरी कंट्रीब्यूशन



टुवड्र्स एजुकेशन स्किल डेवलपमेंट ऑन रिसर्च के क्षेत्र में उनके अनवरत उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो.टी.जी.सीताराम,नेक के चेयरमैन प्रो.अनिल सहस्त्रबुद्धे,एनबीए के पूर्व चेयरमैन डॉ.के.के.अग्रवाल एवं सीईजीआर के प्रेसिडेंट डॉ.जी.डी.यादव सम्मान के पलों के गवाह बने। मिले सम्मान पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.पी.सोनी,कुलपति प्रोफेसर बी.ए.चोपडे के साथ समाज के प्रबुद्ध जनों और शिक्षाविदो ने अनंत सोनी को शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी को लंदन में भी सोल आफ इंडिया अवार्ड 2023 से नवाजा जा चुका है । उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों मील के पत्थर वह स्थापित कर चुके हैं। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद उन्होंने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नई चुनौतियां आती हैं जिन्हें नवीन परिकल्पनाओं द्वारा सही दिशा दी जाती है उन्होंने सभी का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है।

# कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किये निर्देश : परीक्षा 3 जून से होगी प्रारंभ

सतना

स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं।इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी,जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों,उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनः परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुँचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक से भी प्राप्त की जा सकती है।

# रामपुर चौरासी में दबंगों का कहर
# पिता-पुत्र और पुत्री पर कातिलाना हमला

सतना

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रामपुर चौरासी गांव में दबंगों ने जमकर कहर बरपाया है। यहां पर आरोपियों में ने एक घर का दरवाजा तोड़कर भीतर घुस गए और पिता पुत्र तथा पुत्री पर जानलेवा हमला करके उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। घायलों को सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने प्रकाश सिंह उनके पुत्र दीपक सिंह और पुत्री पूजा सिंह पर पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला किया है।



बताया जाता है कि आरोपियों ने घर का दरवाजा तोड़ा और घर के भीतर घुस गए जहां पर तीनों लोगों के साथ बेरहमी के साथ मारपीट की गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### कट्टे की नोक पर लूटपाट करने वाले आरोपी गिरफ्तार



थाना चित्रकूट पुलिस को बडी कामयाबी मिली है पुलिस ने कट्टे की नोक पर लूटपाट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं जिन पर इनाम भी घोषित किया गया था। थाना चित्रकूट प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में रघुबीर मन्दिर के सामने से अवैध कट्टा लगाकर स्विफ्ट डिजायर कार, जंजीर एवं मोबाईल फोन लूटने वाले 3 लुटेरो में एक अन्तर्राज्यीय लुटेरा हेमराज यादव मय अवैध कट्टा कारतूस के साथ गिरफ्तार अन्य आरोपियों की पता तलाश जारी है।

### बाइक पशुओं से टकराई दो घायल



अमरपाटन-मैहर रोड़ एलआईसी ऑफिस के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आवारा पशुओं से टकरा गई। इस घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अमरपाटन के अस्पताल में भर्ती कराई गया है।

# विंध्य लोक रंग महोत्सव का शुभारंभ रामनगर में आज 14 को मैहर एवं 16 को सतना में होगा आयोजन

सतना

विंध्य की लोक संस्कृति परामप्रा के विस्तार एवं बघेलखंड में पीढ़ी दर पीढ़ी से एक दूसरे के माध्यम से परामपरागत तरीके से आगे बढ़ रहे,लोकगीतों,विवाह गीतों को जन जन तक पहुचाने के लिए उत्थान सामाजिक,संस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति मप्र के द्वारा 13 मई से 10 जून तक विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन रीवा एवं शहडोल संभाग के प्रत्येक जिलों में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ आज मैहर जिले के रामनगर से किया जायेगा।

तदोपरांत 14 मई को माता शारदा की नगरी मैहर एवं 16 मई को सतना में आयोजित होंगा। जिसमें देश की सबसे छोटी राष्ट्रीय लोक गायिका विंध्य की बेटी मान्या पाण्डेय के साथ लोक गायक नरेन्द्रबहादूर सिंह, कपिल तिवारी,हरिश्चंद्र मिश्रा,भजन गायक बालकलाकार प्रत्यूश व्दिवेदी,शुभी सिंह,श्रृती सिंह, रावेन्द्र तिवारी,कर्णबीर सिंह तोमर,पवन शुक्ला सहित विंध्य के लोक कलाकरों के द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुये उत्थान सामाजिक,संस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति मप्र के अध्यक्ष हरिश्चंद्र मिश्रा ने बताया कि हमारी समिति विंध्य की लोक कला एवं लोक परामपरा के विस्तार के लिए विगत 12 वर्षों से काम कर रही है और प्रति वर्ष विभिन्न महोत्सवों के द्वारा स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करती है और पुराने लोक कलाकारों का सम्म्मान करती है। जिससे वर्षो पुरानी हमारी संस्कृति और हमारे लोक गीत



आगे बढ़ते रहें। विंध्य लोक रंग महोत्सव के संयोजक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन विंध्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय में किया जा रहा है। जिसका आज 13 मई को विधि मैरिज गार्डन रामनगर, जिला मैहर से शुभारंभ किया जायेगा। उसके बाद 14 मई मैहर इन होटल,विंध्य की धार्मिक नगरी मां शारदा की भूमि मैहर में आयोजित होगा। 16 मई को श्री शाइन मैरिज गार्डेन सिंधु स्कूल के बगल में सतना,19 मई को मानस भवन,नगर पालिका के सामने शहडोल,20 मई को मैरिज गार्डन अनुपपुर,22 मई को सामुदायिक भवन स्टेडियम के समाने अमारियां,25 मई को मंगल पैलेस बिलौजी सिंगरौली,27 मई सात फेरे मैरिज गार्डन मउगंज,30 मई को हनुमान मंदिर परिसर कपुरी कोठार सीधी एवं महोत्सव का समापन 10 जून को राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 मई तक

**पन्ना।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिए ऑनलाईन आवेदन एमपीटास पोर्टल पर 15 मई तक किए जा सकेंगे। इस संबंध में जिले के शासकीय महाविद्यालयों एवं निजी संस्थाओं के प्राचार्यों को सूचित किया गया है कि संस्था में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन पोर्टल में कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि उपरांत यदि कोई विद्यार्थी आवेदन भरने से वंचित रह जाता है, तो इसके लिये विद्यार्थी एवं संस्था प्रमुख स्वतः जवाबदार होंगे।

## मनाया गया विश्व नर्सेस दिवस



**पन्ना।** नर्सिंग को सबसे बड़े स्वास्थ्य पेशे के रूप में माना जाता है। शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जैसे सभी पहलुओं के माध्यम से रोगी की देखभाल करने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित और अनुभवी होना जरूरी है बीते कुछ वर्षों पूर्व वैश्विक महामारी कोरोना के समय में नर्सस भी अपनी भूमिका को तत्परता से निभाया और रोगियों की अच्छी तरह देखभाल करके दुनिया में एक मुकाम हासिल किया आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका की ओर नीति निर्माताओं और जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए 12 मई को विश्व नर्सेस दिवस मनाया जाता है इसी क्रम में पन्ना में भी दिनांक 12 मई को विश्व नर्सेस दिवस के अवसर पर महिला बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र पन्ना में विश्व नर्सेस दिवस मनाया गया स कार्यक्रम का आयोजन महिला बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र पन्ना की एएनएम की छात्राओं के द्वारा किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय पन्ना के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉं व्ही.एस.उपाध्याय रहे जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएमटीसी के प्राचार्य डॉ.डी.के. गुप्ता ने की कार्यक्रम में सिस्टर ट्यूटर पूर्णिमा वर्मा, सपना खरे, प्रज्ञा गंगेले और क्लर्क डी. के. चौबे भी उपस्थित रहे जिसमे सिस्टर ट्यूटर प्रज्ञा गंगेले ने विश्व नर्सेस दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष की थीम हमारी नर्सें हैं स हमारा भविष्य स देखभाल की आर्थिक स्थिति के बारे में सभी को विस्तारपूर्वक समझाया छात्रा आकृति मरावी ने विश्व की प्रथम नर्स फ़्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन पर प्रकाश डाला इस अवसर पर छात्राएँ आकांक्षा मिश्रा, आकांक्षा पटेल, आकृति मरावी, प्रियल द्विवेदी ,रोहनी चौरसिया एवं समस्त छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## पुलिस द्वारा आयोजित किया जा रहा समर कैम्प



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार म.प्र. के सभी जिलो में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पन्ना पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन पन्ना में दिनांक 10 मई 2024 से दिनांक 15 जून 2024 तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पुलिस परिवार एवं आस-पास की कॉलोनियों के 100 से अधिक बच्चों द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन करवाया जा चुका है। समर कैम्प में शामिल होने वाले बच्चो को योगा, खेल-व्यायाम, मार्शल आर्ट-जुम्बा, डाईंग पेंटिग, ब्यूटिशियन, मेंहदी, इंग्लिश स्पोकन, डांस, कम्प्यूटर एवं टेराकोटा आर्ट की जानकारी हेतु अलग-अलग अनुभवी प्रशिक्षकों की व्यवस्था की गई है । इसके अलावा समर कैम्प में समय समय पर विभन्न गतविधियों का आयोजन किया जावेगा जिसका उद्देश्य समर कैम्प में शामिल बच्चो को नई चीजें सिखाना, उनमें स्वतंत्रता की भावना विकसित करना, बच्चों का नये दोस्तो के साथ मेलजोल बढ़ाना एवं बच्चों में सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास का विकास करना है।

### नेशनल लोक अदालत में 283 लंबित एवं 671 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का हुआ निराकरण

# एक करोड़ 21 लाख रूपए से अधिक के अवॉर्ड राशि पारित







**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को जिला न्यायालय पन्ना सहित पवई व अजयगढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष भावना साधौ द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।**

**पन्ना।**

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश व नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत, जिला न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरप्रसाद बंशकार, जिला न्यायाधीश अयाज मोहम्मद, इन्द्रजीत रघुवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, जेएमएफसी शिवराज सिंह गयली, मोहित बड़के, प्रीतम शाह, प्रशिक्षु न्यायाधीश श्वेता आर्य, तनिष्का वैष्णव, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते व अभिभाषक संघ के अध्यक्ष जे.के. राव, सचिव रत्नेश खरे, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करन सिंह व पवन कुमार पाण्डेय एवं असिस्टेंट विजयलक्ष्मी, रोहित नायक व शशांक चतुर्वेदी एवं अभिभाषक संघ के सदस्यगण तथा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरण का निराकरण कर पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से मुक्त करवाने का प्रयास करने का आव्हान किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना के सचिव व जिला न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार ने जानकारी दी कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के राजीनामा के माध्यम से निराकरण हेतु जिला न्यायालय पन्ना में 9 खण्डपीठ व तहसील न्यायालय पवई में 3 खण्डपीठ व तहसील न्यायालय अजयगढ़ में 1 खण्डपीठ का गठन किया गया था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भावना साधौ की खण्डपीठ क्रमांक 1 में 05 पारिवारिक प्रकरणों, द्वितीय जिला न्यायाधीश अयाज मोहम्मद की खण्डपीठ क्रमांक 2 में 70 प्रकरणों, प्रथम जिला न्यायाधीश इन्द्रजीत रघुवंशी की खण्डपीठ क्रमांक 3 में 02 प्रकरणों, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट सुनील अहिरवार की खण्डपीठ क्रमांक 04 में 37 प्रकरणों, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखण्ड शिवराज सिंह गवली की खण्डपीठ क्रमांक 05 में 21 प्रकरणों, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखण्ड मोहित बड़के की खण्डपीठ क्रमांक 06 में 26 प्रकरणों, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखण्ड निधि शाक्यवार की खण्डपीठ क्रमांक 07 में 20 प्रकरणों, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठखण्ड इकरा मिनिहाज की खण्डपीठ क्रमांक 08 में 07 प्रकरणों, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठखण्ड प्रीतम शाह की खण्डपीठ क्रमांक 09 में 20 प्रकरणों सहित जिला न्यायाधीश पवई की खण्डपीठ क्रमांक 10 में 08 प्रकरणों, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखण्ड कृष्णपाल सिंह सिसोदिया की खण्डपीठ क्रमांक 11 में 23 प्रकरणों, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठखण्ड पवई हिमांशी ठाकुर भारद्वाज की खण्डपीठ क्रमांक 12 में 20 प्रकरणों तथा व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठखण्ड अजयगढ़ श्वेता रघुवंशी की खण्डपीठ क्रमांक 13 में 27 प्रकरणों सहित कुल 283 लंबित प्रकरणों का राजीनामा के जरिए निराकरण किया गया। इसी तरह प्री लिटिगेशन स्तर पर लंबित प्रकरण अंतर्गत बैंक के 03, विद्युत विभाग के 01, दूरसंचार विभाग के 24, नगरीय निकायों के संपत्ति व जलकर के कुल 09 सहित अन्य 637 प्रकरणों तथा पवई एवं अजयगढ़ तहसील के 11-11 प्रकरणों सहित कुल 671 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। लंबित प्रकरणों में 01 करोड़ 13 लाख 59 हजार 264 रूपए और प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में 07 लाख 67 हजार 252 रूपए कुल 01 करोड़ 21 लाख 26 हजार 516 रूपए की समझौता अवार्ड राशि पारित की गई।



# जल निगम की टीम ने दिया प्रशिक्षण

**पन्ना।** मध्य प्रदेश जल निगम, भोपाल की टीम द्वारा गत शुक्रवार को जिला पंचायत छतरपुर के सभाकक्ष में भौगोलिक सूचना प्रणाली के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जल जीवन मिशन के तहत जल निगम द्वारा संचालित समूह योजना के सभी अवयवों की वास्तविक स्थिति को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के वेब पोर्टल के जरिए डाटा को शेप फाइल बनाकर अपलोड करने के बारे में बताया गया, जिससे जल निगम द्वारा क्रियान्वित समूह योजना की भौतिक प्रगति की मॉनिटरिंग की जा सके। साथ ही प्राप्त की गई भौतिक प्रगति से अलग अलग अवयव का वास्तविक जगह को जल रेखा एप के माध्यम से अपलोड कर मुख्य अवयवों को अन्य विभागों द्वारा किए जा रहे कार्य से क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके। विशेषज्ञ बालकिशन पाटीदार एवं पवन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण म.प्र. जल निगम, परियोजना क्रियान्वयन इकाई छतरपुर के महाप्रबंधक लखनलाल तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसमें इकाई पन्ना के महाप्रबंधक शिवम सिन्हा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड छतरपुर से एसडीओ संचित खेत्रपाल, जल निगम छतरपुर और पन्ना के सभी प्रबंधक, उप प्रबंधक, एसक्यूसी स्टॉफ, प्रोजेक्ट मैनेजर भी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका ने चलाया नाला सफाई

### तथा नगर के मुक्तिधामों का सफाई अभियान





**पन्ना।**

नगर पालिका द्वारा इन दिनों स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों एवं वर्षा ऋतु से पूर्व की तैयारियों में नालों की वृहत साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण में नालों के साफ सफाई का भी मूल्यांकन किया जाता है। वर्षा ऋतु में यदि नाले साफ ना हो तो बारिश होने पर वही गन्दगी मुख्य मार्ग में आ जाती है एवं मार्ग अवरुद्ध हो जाते हैं। जिससे आम जन को आवागमन में समस्याएं होती हैं। न.पा.अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पाण्डेय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री शशि कपूर गढ़पाले जी द्वारा सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिये जाकर अभियान चलाया गया। यह अभियान वर्षा ऋतु तक संचालित होगा। नगर पालिका के सभी वार्डों के छोटे बड़े नाले नालियों को साफ कर यह अभियांन चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत आम जन को नाले नालियों में कचरा ना डालने हेतु अपील भी की जा रही है। आम जन को समझाईश दी जा रही है कि वह अपना कचरा संग्रहण वाहन में ही देवें एवं शहर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें। इस विशेष अभियान के तहत आज रानीगंज मोहल्ला वार्ड क्र. 19 में सिंह सागर तालाब के पास स्थित मुक्तिधाम की भी साफ सफाई कराई गई एवं इसी प्रकार सभी मुक्तीधामों की साफ सफाई तथा मुक्तीधामों में उचित व्यवस्था की जाएगी जिससे आम जन को समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सात दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग संपन्न





**पन्ना। ‹**

देवेंद्रनगर के सरस्वती शिशु मंदिर में 4 मई 2024 से चल रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्राथमिक शिक्षा वर्ग का 12 मई 2024 को दीक्षांत समारोह के साथ समापन हुआ। सात दिवसीय प्राथमिक वर्ग के उद्घाटन सत्र में सतना के सह विभाग कार्यवाह अमित कनकने जी के बौद्धिक से हुआ, बताया गया है कि प्राथमिक शिक्षा वर्ग में पन्ना जिले के गांव-गांव से पहुंचे 38 शिक्षार्थियों के द्वारा सुबह 4 बजे जागरण से लेकर रात्रि 10 बजे विश्राम तक की दिनचर्या में शिक्षकों की कड़ी मेहनत और शिक्षार्थियों के अथक प्रयास से नियुद्ध, पद विन्यास, दंड, आसन, यष्टी, खेल की शिक्षा प्राप्त की जा रही थी प्राथमिक वर्ग के अंतिम दिन दीक्षांत समारोह में अमृत वचन एवं एकल गीत के पश्चात मुख्य वक्ता एवं जिला संघचालक रुद्र प्रताप सिंह यादव ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में अनुशासन और दिनचर्या कितना जरूरी है यह हमें वर्ग में आकर सीखने को मिलता है सात दिवसीय प्रशिक्षण में हमे एक घंटे की शाखा को किस प्रकार से संचालित करना है और उसी शाखा से राष्ट्र हित में सोचने वाले योग्य कार्यकर्ताओं का निर्माण किया जाता है जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सक्रिय रुप से समाज के बीच में रहकर राष्ट्र के हित में काम करते हुए आगे बढ़ता है श्री यादव ने कहा कि जिस प्रकार से कुम्हार मिट्टी को पैरो से रौंदकर चका में रखकर ठोक पटील कर घड़ा बनाकर आग में तपा कर उसको सिर में रखने के योग्य बनाता है फिर वही घड़ा सभी को शीतल जल से राहत पहुंचाता है उसी प्रकार से सात दिवसीय प्राथमिक वर्ग में बड़ी तपस्या के बाद एक अनुशासित व्यक्ति का निर्माण होता है जो जो समाज को नई दिशा देने का काम करता है प्राथमिक वर्ग के वर्ग कार्यवाह अरविंद पाठक, वर्ग के पालक देवेंद्र सिंह राजपूत, जिला प्रचारक रवि दत्त जी वर्ग के मुख्य शिक्षक वीरेंद्र सिंह यादव, शिक्षक गोविंद रैकवार, बौद्धिक प्रमुख प्रभात चौरसिया, नियुद्ध शिक्षक राहुल बाल्मिक, आसन शिक्षक राहुल चौरसिया, पदविन्यास शिक्षक राघवेंद्र सिंह यादव सर्वव्यवस्था प्रमुख जयपाल सिंह राजपूत, विजय, शिवांश दुबे, श्रीराम शुक्ला, अरविंद्र सिंह परिहार सहित सात दिवसीय प्राथमिक वर्ग को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामिंट चौथा लीग मैच में सिद्धपुर एवं डिंगवाही के बीच खेला गया जहां डिंगवाही टीम ने 34 रनों से जीता

**पन्ना।**



जिले के अजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत खोरा के ग्राम सरबंशी में विगत कई वर्षों की चली आ रही परंपरा अनवरत रूप से निभाते हुए ग्रीष्म कालीन सीजन 2024 का पंचायत स्तरीय श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में आज 12 मई को चौथा लीग मैच सिद्धपुर (अजयगढ़)और डिंगवाही (बांदा) के बीच खेला गया। जिसमें सिद्धपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले फ़ील्डिंग करने का फैसला लिया,और डिंगवाहि को बैटिंग करने के लिये आमंत्रित किया। जिसमें डिंगवाहि टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाए, दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिद्धपुर टीम ने 12 ओवर में मात्र 72 बना सकी, अन्तः दिग्वाही टीम ने 34 रनों यह मुकाबला जीत लिया। इन दोनों टीमो के उत्शाह वर्धन के लिए। मुख्य अतिथि के रूप में खोरा पंचायत सरपंच आदरणीय शुभकान्त सिंह लोधी,लाला राम सिंह लोध,जनपद सदस्य खोरा ,,श्री प्रेम सिंह डॉक्टर साहब खरौनी पुरवा, श्री शिवकुमार सिंग बाबू बीजेपी नेता,श्री शुभम सिंह जी युवा नेता, खोरा, रामलाल सिंह शिक्षक, कॉमेंट्री करने वाले लोधी राजेश कुमार लोध आयोजक मंडल-महारानी अवंति बाई युथ संगठन सरवंशी (खोरा) के द्वारा किक्रेट मैंच का आयोजन किया जा रहा है। रविवार का मैच नदवारा बाँदा और मराड़का के बीच खेला गया जिसमें नदवारा विजय रही। आज कीरतपुर और भदैया के बीच मैच होगा।

# ग्राम पंचायत फरस्वाहा में सुदूर सड़क जहां मुरूम का कार्य अवैध तरीके से बिना लीज के कैसे?

## नरेगा में मशीनों का उपयोग, मजदूरों से दूरी क्यों, जिम्मेदारों के मोबाईल स्वीच ऑफ

**पन्ना।**



विकास की दास्ता निश्चितौर पर नियमों के मापदण्ड से तय होने चाहिए पर जमीनी हकीकत कुछ अलग ही हो जाती है। जिले की अजयगढ़ जनपद अजयगढ़ ग्राम पंचायत फरस्वाहा में नरेगा से सुदूर सड़क स्वीकृत हुई यह कहना सरपंच का जहां मुरूम का कार्य बिना लीज व परमीशन के जेसीबी मशीन लगाकर टेक्टरों से कार्य किया जा रहा है। जो सोशल मीडिया की सुर्खियों में आ गया।

संबंधित मामले की जानकारी रोजगार सहायक ग्राम पंचायत फरस्वाहा से लेने की कोशिश की गई तो स्वीचऑप मोबाईल हो गया। वास्तविकता क्या है इस संबंध में उपयंत्री से भी सम्पर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाईल भी स्वीचऑफ जाता रहा। आखिर इस तरीके से कहीं न कहीं नियमों को ताक में रखकर कार्य को अंजाम देने की कोशिश की जा रही है।

या फिर सही तरीके से जिम्मेदार जानकारी देने से कतरा रहे है। मामला चाहे जो हो पर जिस तरीके से मुरूम खुदाई का कार्य जे.सी.बी. मशीन लगाकर टेक्टरों के द्वारा मुरूम का उत्खनन व परिवहन किया गया। जब इस संबंध में सरपंच से जानने की कोशिश की गई क्या मुरूम की लीज स्वीकृत कराई या किसी से परमीशन ली तो जवाब यह रहा जैसा पहले चलता था वैसा ही हो रहा है मै कोई परमीशन आदि नहीं ली। आखिर नियम के तहत क्या मुरूम बिना रॉयल्टी के खोदकर डाली जायेगी। यह तो जिम्मेदार ही बताये। जिले की अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत फरस्वाहा का मामला जो यह सोशल मीडिया में नरेगा के कार्यों में मशीनों का उपयोग बयां कर रहा है। पर जमीनी हकीकत को लेकर अजयगढ़ जनपद में पदस्थ ए.पी.ओ. अमित यादव से बात की गई तो इस संबंध में उपयंत्री सोनकर से भी हकीकत जानने की कोशिश की गई जिनसे जवाब नहीं मिल सका मामला चाहे जो हो पर वास्तविकता में नियमों का पालन कराये जाने को लेकर क्या जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन कर रहे है या कि स्वयं को दूर बनाये रखना मानते है। आखिर जब कार्य हो रहा है तो जानकारी देने में कोताही क्यों।

### इनका कहना है

इस संबंध में जब अजयगढ़ जनपद सीईओ से बात की गई तो आपका कहना है कि मैं दिखवाता हूं।

## खबर संक्षेप

### बस स्टैंड पर वृद्ध महिला के साथ 20 हजार रूपए की ठगी



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली अंतर्गत बस स्टेण्ड पर एक महिला से 20 हजार रूपए की ठगी का मामला सामने आया है। वृद्ध महिला ने सिटी कोतवाली में मामले की शिकायत की है। जानकारी के अनुसार श्रीमती सरमन पति मनीराम पाल 60 वर्ष निवासी महोबा गांव के ही रहने वाले कल्लू सिंह के साथ इलाज कराने छतरपुर आयी थी। छतरपुर बस स्टेण्ड पर उसे सूरज पाल नाम के व्यक्ति ने बागेश्वर धाम जाने की बात कहकर महिला को अपनी बातों में फंसाया और महिला के हाथ से 20 हजार रूपए लेकर रफूचक्कर हो गया। मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई है। कोतवाली पुलिस ने महिला से शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है।

### रमपुरा वेयरहाउस के समिति प्रबंधक निलंबित

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत दल लगातार उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर रहा हैं। इसी क्रम में रमपुरा वेयरहाउस डोलिया खेड़ा केंद्र प्रभारी गोपाल प्रसाद पटैल एवं समिति प्रबंधक प्रदीप दुबे के द्वारा कृषकों से 01 लाख 27 हजार 517 रुपये की अवैध वसूली कर उपार्जन नीति का उल्लंघन करने के आरोप में समिति प्रबंधक प्रदीप दुबे एवं खरीदी केंद्र प्रभारी गोपाल पटेल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बताया प्रस्तुत जबाव संतुष्टिकारक नहीं होने से सेवा सहकारी समिति रसीलपुर के समिति प्रबंधक प्रदीप दुबे को निलंबित किया गया है। अपर कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र प्रभारी मूल पद विक्रेता गोपाल पटेल के विरुद्ध कार्यवाही हेतु सहायक आयुक्त सहकारिता को आदेशित किया है कार्यवाही कर अवगत कराएं। उन्होंने कृषकों से 01 लाख 27 हजार 517 रूपये की अवैध रूप से ली गई राशि की वसूली हेतु महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दमोह को पत्र जारी कर आगामी कार्यवाही से अवगत कराने कहा है।

### 5 लाख की लूट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने दो घंटे में पकड़ा, पूरी राशि जब्त

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूखेड़ा**

नगर के तारादेही चैराहे के आगे मुन्ना चौधरी की गोदाम के सामने नकली कट्टा अड़ाकर 4 लाख 91 हजार 130 रूपए, एक टेबलेट रखा बैग लूटकर ले जाने बाले आरोपियों को तेन्दूखेड़ा पुलिस ने कुछ घंटो में गिरफ्तार कर सम्पूर्ण राशि बरामद कर ली है। साथ ही तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। ज्ञात हो कि शिकायतकर्ता हरेंद्र सींग ठाकुर पिता जगदीश लोधी 23 निवासी ग्राम एवं थाना हिंडोरिया हाल निवासी मुन्ना लाल चौधरी का मकान वार्ड 12, दमोह रोड तेन्दूखेड़ा के साथ अनिल सिंह राजपूत ने थाना तेंदूखेड़ा में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड फाइनेंस कंपनी, जो महिलाओं के समूहों को ऋण उपलब्ध कराने का काम करती है, मैं विगत 06 माह से केंद्र प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। दिनांक 10 मई को शाम 4 बजकर 20 मिनिट पर कुल कलेक्शन 4 लाख 91 हजार 130 एवं एक सैमसंग कंपनी का टैबलेट कीमत 12 हजार कंपनी के काले रंग के बैग में रख कर बैग को पीठ पर टांगे हुए ऑफिस के नीचे उतर कर अपनी मोटर साइकिल से एसबीआई बैंक में जमा करने जा रहा था। तभी एक व्यक्ति जो काले रंग की टी शर्ट एवम काला पैंट पहने हुए था, मुंह में सफेद कपड़ा बांधे दौड़कर मेरे पास आया और कट्टा अड़ाकर मेरा बैग छीन कर भागने लगा। उसी वक्त मेरा दूसरा साथी अनिल आ गया और उसकी नकाबपोश से झूमा झपटी हुई। झूमाझपटी में आरोपी का नकाब खुल गया था लेकिन आरोपी अपने साथी के साथ काली रंग की प्लेटिना मोटर साइकिल में बैठ कर दमोह की तरफ भाग गया। पुलिस ने हरेन्द्र की रिपोर्ट पर पहले अज्ञात लुटेरों के उपर प्रकरण क्रमांक 237/24 एवं धारा 392,566,294 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# अंडर ट्रेनिंग डॉक्टर हेमंत अवैध प्रैक्टिस और भ्रामक जानकारी से शासकीय भवन में कब्जा

## अस्पताल प्रबंधन ने कहा : महात्मा गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल इंदौर में होगी शिकायत

**मामला :** परिजनों के बताए अनुसार जहरीला पदार्थ खाकर आई महिला को डॉक्टर बामोरिया ने किया जिला अस्पताल रेफर, लेकिन अंडर ट्रेनिंग डॉक्टर हेमंत ने अपने क्लीनिक में किया इलाज, कुछ घंटों के बाद मौत






**बड़ामलहरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ा मलहरा में इस समय अजीब स्थिति निर्मित हो रही है। डॉक्टरों के बीच चल रहे दोनों के कारण स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं चरमरा गई। पूर्व में बीएमओ रहे डॉक्टर हेमंत द्वारा वर्तमान बीएमओ के कार्य में लगातार हस्तक्षेप किया जा रहा है। यहां तक की मरीज की जान के साथ भी खेलने में यह डॉक्टर बाज नहीं आ रहा है। पिछले दिनों वर्तमान बीएमओ द्वारा एक महिला को रेफर किया गया था। जिसे एक अंडर ट्रेनिंग डॉक्टर के दलाल ने ईलाज देने के लिए वही अस्पताल कैम्पम में रोक लिया। अंत में नतीजा यह हुआ कि महिला की मौत हो गई। ताज्जुब की बात यह है कि ईलाज देने वाला यह डॉक्टर हेमंत यहां पदस्थ ही नही है।



मामला जिले के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बड़ामलहरा का है। जहां बेहद ईमानदार वर्तमान बीएमओ डॉक्टर केपी बामोरिया और पूर्व बीएमओ डॉक्टर हेमंत मरैया के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। दरअसल पूर्व बीएमओ हेमंत मरैया बड़ामलहरा अस्पताल में पदस्थ ही नही है। उसके बावजूद वह लगातार अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं में हस्तक्षेप कर रहे है। इतना ही नहीं अस्पताल में ईलाज कराने आने वाले मरीजों को वह अस्पताल परिसर में बने शासकीय भवन में प्रैक्टिस कर रहे है। इसका सीधा प्रभाव अस्पताल में ईलाज कराने आए मरीजों पर पड़ रहा है।

### क्या है पूरा मामला -

बीते माह अप्रैल माह के अंत में बड़ा मलहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बजाना थाना क्षेत्र के डिमरवां गांव से एक लोधी परिवार से महिला परिजनों के साथ उपचार के लिए आई थी। जिसे प्राथमिक उपचार हेतु डॉक्टर केपी बमोरिया ने देखा था, डॉक्टर के पूछने पर मृतक महिला के परिजनों ने बताया कि महिला ने कोई जहरीला पदार्थ पी लिया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डॉक्टर केपी बमोरिया ने प्राथमिक उपचार करने के बाद महिला को तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। डॉक्टर बमोरिया ने कहा था कि महिला ने जहरीला पदार्थ पिया है और शरीर में जहर फैल चुका है। डॉक्टर द्वारा महिला को तत्काल रैफर कर दिया गया। उक्त मामले की जानकारी जैसे ही अस्पताल में पदस्थ रहे डॉक्टर हेमंत के दलाल को हुई। दलाल ने परिजनों को बताया कि यहां पर सबसे बड़े डॉक्टर हेमंत साहब है, उन्हें आप दिखा लो, सब सही हो जाएगा, कहीं जाने की जरूरत नहीं है। महिला के परिजन महिला को डॉक्टर हेमंत के क्वार्टर में ले गए दिखाने के लिए। डॉक्टर हेमंत ने पर्चा बनाया दवा लिखी और कहा कोई परेशानी की बात नहीं है, बाहर मेडिकल से दबा ले लो, और आराम से घर जाओ सब सही हो जाएगा। समय समय से दवा खाते रहना है। परिजन महिला को लेकर शाम को घर वापिस आ गए। रात करीब 10:00 बजे महिला की तबीयत पुनः बिगड़ी और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ा मलहरा फिर से लाया गया, जहां पर अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर कुछ समझ पाते, तब तक महिला ने दम तोड़ दिया था। जिसकी सूचना स्टाफ द्वारा अस्पताल बीएमओ डॉक्टर केपी बमोरिया को दी गई। डॉक्टर केपी बमोरिया ने पुलिस केस के चलते, पहले पुलिस को सूचना दी और सुबह महिला का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### इनका कहना है -

पीजी कोर्स करने के समय डॉक्टर प्रेक्टिस नहीं कर सकते हैं, और ड्यूटी के समय प्रतिदिन डॉक्टर को अस्पताल आना होता है। अगर डॉक्टर घर पर प्रैक्टिस कर रहे हैं, वह गलत है। इसकी में लिखित शिकायत इंदौर मेडिकल कॉलेज करूंगा।

**डॉक्टर जीएल अहिरवार**
**सिविल सर्जन**
**जिला अस्पताल छतरपुर**

### इनका कहना है -

साशाकीय बड़ामलहरा अस्पताल के बीएमओ केपी बामोरिया का कहना है की हमने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को पूरी मामले से अवगत कराया है। लेकिन सभी ने चुप्पी सदा मामले को दबाने में लगे है। मैंने प्राथमिक उपचार करने के बाद बार-बार परिजनों को समझाया कि जहर पूरे शरीर में फैल गया है। जिससे बिना समय बर्बाद किए जिला अस्पताल पहुंच जाइए। देर रात स्टॉप के द्वारा बताया गया था कि महिला पुनः दिखवाने आई है। रात्रि ड्यूटी में पदस्थ डॉक्टर कुछ समझ पाते कि पहले ही महिला खत्म हो गई थी। जिसकी जानकारी मैने पुलिस को दी थी, और पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था।

**डॉक्टर के.पी. बामोरिया**
**बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ामलहरा**

# एक साथ तीन सिस्टम एक्टिव होने से मौसम में बढ़ी आद्रता, 3 दिन से लगातार गिर रहा पारा



**नौगांव।** प्रदेश में पश्चिमी विभोक्ष के साथ एक साथ तीन सिस्टम एक्टिव होने से मौसम में आद्रता बढ़ने के चलते तापमान में नर्मी आई है, जिस कारण से पिछले तीन दिनों अधिकतम पारा लगातार गिर रहा है, हालांकि पारा गिरने का असर मौसम में दिखाई नहीं दे रहा हैं, तीन दिन में पारा गिरने के बावजूद गर्मी अपना कहर ढा रही है। नॉर्थ वेस्ट के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) है। उत्तर भारत में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से एमपी के कई जिलों में ओले, बारिश, आंधी और आकाशीय बिजली गिरने या चमकने का दौर चल रहा है। जिसके चलते पिछले तीन दिनों से लगातार तापमान गिर रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री दर्ज हुआ तो वहीं न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि इससे पहले शनिवार को 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री और शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री दर्ज हुआ। पिछले तीन दिनों से तापमान गिरने से गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार जैसे जैसे सूर्य कर्क रेखा के नजदीक पहुंच रहा है, वैसे वैसे सूर्य की तपन तेज हो रही है, सूर्य की तपन के चलते नॉर्थ वेस्ट के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), उत्तर भारत में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से विभोक्ष सक्रिय होकर भारत की तरफ आ रहा है। जिससे कई जिलों में बारिश आंधी के साथ ओले गिर रहे हैं, जिसका असर नौगांव में भी देखने को मिल रहा है। एक सप्ताह पहले तक 42-43 डिग्री तापमान होने के बाद पिछले तीन दिन से तापमान लगातार गिर रहा है। तापमान गिरने के बावजूद गर्मी अपना असर दिखा रही है।मौसम विभाग के कालीचरण रकवार ने बताया कि नॉर्थ वेस्ट के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) है। उत्तर भारत में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से मध्यप्रदेश में ओले, बारिश, आंधी और आकाशीय बिजली गिरने या चमकने का दौर चल रहा है। मौसम विभाग के कालीचरण रैकवार के अनुसार, राजस्थान और उससे सटे इलाके में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। इसके कारण प्रदेश में नमी आई। तापमान ज्यादा होने और नमी से सीबी क्लाउड बने। इसके कारण बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 3 दिन तक दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिण-पूर्वी हवाओं के साथ नमी भी आती रहेगी। ऐसा ही मौसम अगले कुछ दिन तक और रहेगा। 15 मई से सिस्टम कमजोर होने लगेगा।

# स्टोर प्रभारी ने कंपनी के कमरे में लगाई फांसी, मौत

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में झारखंड के 32 वर्षीय स्टोर प्रभारी ने 9 मई को कंपनी के क्वाटर में फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। जिसकी जानकारी कर्मचारियों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बॉडी को फांसी के फंदे से निकाला और बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। 12 मई को परिजनों के आने के बाद थाना पुलिस ने पंचनामा तैयार करते हुए बॉडी का पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार गौतम कुमार पिता स्व रामसहाय चौहान उम्र 32 वर्ष निवासी सुंदरपुर जिला धनबाड़ झारखंड एक माह पहले छतरपुर आया था और स्तंभ पावर कंपनी में स्टोर प्रभारी के पद पर सर्विस करता था। 9 मई को रात 11 बजे कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए रूम में सोने चला गया लेकिन 10 मई की सुबह 10 बजे तक बाहर नही निकला तो कंपनी के कर्मचारियों ने खिड़की तोड़कर देखा तो वह पंखे से फंदे पर लटका हुआ था जिसकी सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुँची ओर उसे फंदे से नीचे उतारते हुए कंपनी के कर्मचारियों के ब्यान दर्ज किए और बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिजनों से सम्पर्क न हो पाने के कारण बॉडी का पोस्टमार्टम नही हो सका। दो दिन बाद परिजनों को सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली छतरपुर पहुंचे तो थाना पुलिस ने पंचनामा तैयार करते हुए 12 मई को शव का पोस्टमार्टम कराया और बॉडी परिजनों को सौंप दी।

# आदतन जिला बदर अपराधी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल

छतरपुर

पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर रविवार को देहात भ्रमण के दौरान थाना बमीठा पुलिस को झिन्ननपुर पहाडिय़ा में एक युवक के अवैध हथियार अद्धी लेकर दहशत फैलाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी बमीठा निरीक्षक पुष्पक शर्मा व पुलिस टीम मुखबिर के बताए स्थान झिन्ननपुर पहाडिय़ा पर पहुंचे, पुलिस को आता देख संदेही ने भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। युवक के कब्जे से 315 बोर की अवैध बंदूक अद्धी, पेंट की जेब में दो जिंदा कारतूस रखे था। आरोपी ने पूछताछ पर विकास उर्फ खुन्नू सिंह बुंदेला निवासी ग्राम बमारी थाना क्षेत्र बमीठा का होना बताया। आरोपी का यह कृत्य आयुध अधिनियम के तहत दंडनीय होने से 315 बोर देशी बंदूक अद्धी ,2 जिंदा कारतूस जप्त कर थाना बमीठा में अभियुक्त के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया।अभियुक्त के विरुद्ध जिला छतरपुर एवं जिला पन्ना में वर्ष 2014 से हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, मारपीट, अवैध हथियार सहित कुल 12 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध थे एवं 07 प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां भी अपराधी के विरुद्ध की गई थी।वर्ष 2023 के रास्ता रोककर मारपीट कर अवैध वसूली की एक प्रकरण में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था, शेष आरोपी विकास सिंह उर्फ खुन्नू राजा पर पुलिस अधीक्षक द्वारा गिरफ्तारी हेतु पांच हजार रुपए का इनाम भी उद्घोषित किया गया था। आदतन अपराधी जिला दंडाधिकारी के आदेश क्रमांक जिला बदर/ 171/ 23 दिनांक 14/11/23 के अनुसार अपराधी को जिले की भौगोलिक सीमा से निष्कासित किया गया था। आदतन अपराधी को नियमों का उल्लघंन कर जिले की भौगोलिक सीमा के अंदर पाए जाने पर अपराधी के विरुद्ध पृथक से भारतीय दंड विधान की धारा 188 एवं राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।




## पुलिस ने अंधे कत्ल का किया खुलासा

# अवैध संबंधों के चलते पत्नि ने करवाई पति की हत्या

छतरपुर।

बीते 5 मई 2024 को जिले के थाना प्रकाश बम्होरी पुलिस को ग्राम मुड़हरा के कुएं में बोरे में भरे मृत शरीर होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कुएं से बंद बोरे को बाहर निकलवाकर खोलकर चेक किया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने घटना स्थल पर पहुंचकर सुपरविजन किया एवं टीम गठित कर संबंधित पुलिस अधिकारियों को साक्ष्य एकत्रित कर अतिशीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अंधे कत्ल का खुलासा किया।



गठित पुलिस टीम, एफएसएल टीम एवं तकनीकी टीम ने कुएं से बंद बोरे से निकले शव, घटनास्थल पर बारीकी से निरीक्षण कर भौतिक साक्ष्य एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किये। मर्ग कायम कर शव की शिनाख्ती की गई। मर्ग की जांच के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर मृतक का शव मोहन प्रजापति ग्राम कटेरा जिला झांसी उत्तर प्रदेश के होने की पुष्टि हुई। मृतक के परिजनों के कथनों के आधार पर थाना प्रकाशबम्होरी में हत्या, साक्ष्य मिटाने की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम जुट गई। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु डीआईजी ललित शाक्यवार ने 20 हजार रूपए के इनाम की घोषणा की।

थाना प्रभारी प्रकाश बम्होरी उपनिरीक्षक सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा एकत्रित भौतिक साक्ष्य एवं तकनीकी साक्ष्य के अनुसार संदेही को हिरासत में लिया गया। संदेही शैलेश नागायच उम्र 37 वर्ष ग्राम कटेरा जिला झांसी उत्तर प्रदेश मृतक के गांव का निवासी है। मृतक पहले शैलेश का ट्रैक्टर चलाता था एवं मृतक की पत्नी से पिछले 3 वर्षों से अवैध संबंध थे। मृतक मोहन प्रजापति को शंका हो गई थी एवं घर में विवाद होता रहता था। मृतक मोहन प्रजापति गुजरात राज्य में मजदूरी करता था। अप्रैल माह में वह ग्राम कटेरा आया हुआ था। दिनांक 17 अप्रैल 2024 को वह गुजरात जाने के लिए घर से निकला। मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी शैलेश को सुनियोजित तरीके से जान से मरवाने हेतु उसके जाने के रूट को बताया गया। अभियुक्त शैलेश की ससुराल ग्राम मुड़हरा में है। उसने अपने साले बाबू उर्फ विष्णु निवासी ग्राम मुड़हरा थाना प्रकाश बम्हौरी एवं साले के रिश्तेदार आशीष पचौरी निवासी ग्राम सुकोरा थाना कबरई जिला महोबा के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। मृतक को आशीष एवं बाबू अपनी मोटरसाइकिल में बैठाकर ग्राम मुड़हरा ले गए जहां गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। मृतक मोहन प्रजापति के शव को काले बोरे में भरकर कुएं में फेंक दिया। योजना बनाकर हत्या की घटना को अंजाम देने वाले मृतक की पत्नी, पत्नी के प्रेमी शैलेश नगायच एवं शैलेश के रिश्तेदार बाबू उर्फ विष्णु निवासी ग्राम मुड़हरा थाना प्रकाश बम्होरी एवं आशीष पचौरी निवासी ग्राम सुकोरा थाना कबरई जिला महोबा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। कार्यवाही में उप निरी सतेंद्र यादव थाना प्रभारी प्रकाश बम्होरी, उप निरी राजेंद्र जाटव थाना प्रभारी जुझारनगर, उप निरीक्षक संदीप खरे साइबर सेल प्रभारी के अलावा और भी स्टाफ रहा।

# बाइक सवार युवक डिवाईडर से टकराए, इलाज के दौरान मौत



**छतरपुर।** अलीपुरा थाना क्षेत्र के फोरलेन पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे दोनों युवकों की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। रविवार की दोपहर में जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने मृतक का पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उप्र के महोबा जिले के बडख़ेरा गांव का मानवेंद्र पिता जगत सिंह उम्र 20 वर्ष और महाराजपुर क्षेत्र में डुमरा गांव का सचिन पिता हरदयाल पटेल उम्र 21 वर्ष, उप्र में झांसी के पास स्थित गरौठा गांव गए। वहां से शनिवार सुबह 6 बजे लौटने के दौरान अलीपुरा थाना क्षेत्र स्थित फोरलेन के डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में दोनों युवकों के सिर में चोट आने के कारण इलाज के लिए एम्बुलेंस से नौगांव अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ इलाज के दौरान सचिन की मौत हो गई। वहीं मानवेंद्र की हालत गंभीर होने पर नौगांव के डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पर शाम 4 बजे इलाज चलने के बाद उसकी मौत हो गई। रविवार की दोपहर जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के बड़े भाई लक्ष्मी प्रसाद राजपूत निवासी उप्र महोबा ग्राम बरखेड़ा ने बताया कि हमारा छोटा भाई मानवेन्द्र सिंह राजपूत और उसका दोस्त सचिन पटेल शुक्रवार की शाम बाइक से झांसी के पास स्थित गरौठा गांव रिश्तेदारी में गए थे जहां से वापसी लौटते समय उनकी सड़क हादसे में दोनों लोगों की मौत हो गई।

# श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में शुरू होने जा रहे नए कोर्स, छात्रों को मिलेगा लाभ

जिले के श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में दो नए कोर्स जल्द शुरू होने वाला है।अभि तक प्राइवेट कॉलेजों में ही यह कोर्स संचालित हो रहे थे। अब जल्द ही श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में भी इन दो नए कोर्स की की शुरुआत की जाएगी।

रीवा ।




मिली जानकारी के अनुसार श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के अलावा भी कई और व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के अलावा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से भी कई पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। सैकड़ों छात्र इन कोर्स में प्रवेश लेकर पढ़ाई कर रहे हैं। डिप्लोमा और डिग्री दोनों तरह के पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। यहां पर छात्रों को पैरामेडिकल कोर्स के जरिए टेक्नीशियन के रूप में तैयार किया जाता है। इतना ही नहीं यहां से पढ़ाई करने वाले छात्रों को नौकरी भी मिल जाती है। कई छात्र यहीं पर पढ़ाई करने के बाद संजय गांधी अस्पताल में ही सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में संचालित पैरामेडिकल कोर्स की संख्या में और भी इजाफा होने वाला है। दो कोर्स और नए शुरू करने की तैयारी है। वर्तमान समय में इनका संचालन मेडिकल कॉलेज में नहीं होता है। इसके लिए छात्रों को प्राइवेट कॉलेजों में प्रवेश लेना पड़ता है। इन दो नए कोर्स में रोजगार की संभावनाएं भी ज्यादा हैं। मेडिकल कॉलेज में बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी, बैचलर ऑफ ऑडियोमेट्री कोर्स अब तक संचालित नहीं थे। इसके लिए छात्रों को प्राइवेट कॉलेजों में या फिर बाहर जाकर प्रवेश लेना पड़ रहा था। दोनों ही कोर्स की वर्तमान समय में ज्यादा डिमांड है। ऐसे में इन दो कोर्स के शुरू होने से छात्रों के सामने रोजगार की संभावनाएं ज्यादा बढ़ जाएंगी। फीजियोथैरेपी के लिए लोग ज्यादा परेशान होते हैं। लकवा जैसे बीमारी में फीजियोथैरेपी को ज्यादा महत्व दिया जाता है। एक्सीडेंट व अन्य सर्वाइकल, न्यूरो से जुड़ी बीमारियों में फीजियोथैरेपी की डिमांड ज्यादा रहती है। फीजियोथैरेपिस्ट रीवा में कम है। ऐसे में यह कोर्स इस कमी को पूरा करने में मदद कर सकेगा।

## खबर संक्षेप

### खुले बोरवेल की सूचना देने पर मिलेगा एक हजार का ईनाम

**रीवा।** जिले भर में अभियान चलाकर अनुपयोग और खुले बोरवेल बंद कराए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत तथा पीएचई विभाग एवं शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय बोरवेलों का सर्वेक्षण कर रहे हैं। अनुपयोगी तथा खुले बोरवेलों को बंद कराया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि आपदा प्रबंधन के लिए जिले में हेल्पलाइन नम्बर पर खुले बोरवेल, नलकूप एवं ट्यूबवेल के संबंध में जानकारी दी जा सकती है। इसका मोबाइल नम्बर 7648862100 है। इस पर खुले बोरवेल की फोटो अथवा वीडियो सहित सूचना देने वाले को एक हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। साथ ही बोरवेल के मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करके कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र रविकांत पाण्डेय को इस कार्य के लिए नोडल नियुक्त किया गया है।

### राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 16 मई

**रीवा।** राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 16 मई को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिमा पाल नामांतरण, बटवारा, सीमांकन तथा अन्य राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करेंगी। बैठक में कानून व्यवस्था की स्थिति, मतगणना की तैयारी, समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन, पेयजल व्यवस्था तथा अनुपयोगी बोर बेल बंद करने की भी समीक्षा की जायेगी। सभी राजस्व अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें - डॉ. शुक्ला

**रीवा।** जिले में पिछले 4 दिनों में वर्षा के कारण तापमान में कुछ कमी आयी है लेकिन धूप अभी भी बहुत तेज है। प्रातः 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अतिआवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

### ट्रेन के सफर में पुलिस आरक्षक की थमी सांसें

**कटनी।** ट्रेन में सफर कर रहे एक पुलिस आरक्षक की मौत हो गई। ट्रेन के कटनी पहुंचने पर रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र पुलिस में कांदिवली पुलिस चौकी में पदस्थ मध्य प्रदेश के मऊगंज निवासी शमशेर सिंह 58 वर्ष की अचानक काशी एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान तबीयत बिगड़ गई और थोड़ी देर बाद उनने दम तोड़ दिया। काशी एक्सप्रेस के कटनी पहुंचने के बाद रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

# गेहूं उपार्जन के लिये किसान बुक कर सकते हैं अपने स्लॉट

रीवा

किसानों को उनकी उपज का अधिकतम दाम देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर फसल का उपार्जन किया जाता है। पंजीकृत किसानों से जिले के निर्धारित खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन प्रारंभ कर दिया गया है। जिले भर में सहकारी समितियों के माध्यम से नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा गेंहू की खरीद की जा रही है। गेंहू उपार्जन के लिए किसान तत्काल अपनी सुविधा के अनुसा स्लॉट बुक करने कर सकते हैं। गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि 20 मई है।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि इस वर्ष किसानों को गेंहू खरीद के लिए एसएमएस नहीं भेजा जाएगा। किसान गेंहू के बिक्री का दिनांक तथा समय एमपी ई उपार्जन डॉट एनआईसी डॉट इन पोर्टल पर स्वयं बुक कर सकते हैं। किसान सबसे पहले ई उपार्जन पोर्टल पर उपार्जन की लिंक क्लिक करें। इसमें स्लॉट बुकिंग का विकल्प दिखेगा। किसान अपना पंजीयन कोड दर्ज करें। कोड दर्ज करने पर पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद किसान तहसील, उपार्जन केन्द्र तथा उपज बिक्री का दिनांक दर्ज करें। इसके बाद स्लॉट बुक पर सबमिट करें। पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की जानकारी प्रदर्शित होगी। इसका प्रिंट निकाला जा सकता है। कलेक्टर ने बताया कि किसान अपने पंजीकृत एन्ड्रॉयड फोन, लोक सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत, एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर, उपार्जन केन्द्र तथा इंटरनेट कैफे का उपयोग कर गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। किसान प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच स्लॉट बुक कर सकते हैं। गेंहू का उपार्जन प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक किया जाएगा। किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की वैधता तीन कार्य दिवस की होगी। जिस तहसील में किसान की भूमि है उस तहसील के किसी भी खरीदी केन्द्र में अपना गेंहू बेच सकते हैं।

**गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि 20 मई**

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर मिला महिला का शव, हत्या या साधारण मौत जांच में लगी पुलिस

रीवा।



जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार कोलहा गांव मे शाम घर के अंदर वृद्ध महिला की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार पड़ोस में रहने वाले लोगों जब भैंस की जोर-जोर चिल्लाने की आवाज सुन कर घर के पास गए । घर के बाहर से आवाज करने के बाद भी घर से कोई बाहर नही निकला घर के अंदर से बहुत तेज बदबू आ रही थी। तब पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर देखा की घर का दरवाजा खुला हुआ था अंदर रूपबती द्विवेदी पति स्वर्गीय रामनरेश द्विवेदी 70 वर्ष मृत अवस्था में मिली। शव से बदबू आ रही थी।तो जब आशंका है कि महिला की मृत्यु 24 घंटे पहले हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की शाम महिला को घर के बाहर देखा गया था। शनिवार को महिला नहीं दिखी। बताया गया कि महिला के तीन लड़के है जो बाहर रहते है। ग्रामीणों ने महिला के मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी जिसके बाद त्योथर के अमाव से वो पहुंच गए। मृतिका की बेटी शोभा तिवारी ने कहा कि मेरा मां की हत्या की गई है आसपास रहने वाले पड़ोसियों से विवाद चल रहा था। उन्होंने पहले भी आशंका जताई थी कि उनकी हत्या हो जाएगी। पुलिस ने महिला के शव को शव परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया ।वही रविवार को एफएसएल टीम को मौके का निरीक्षण किया है महिला की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।फिलहाल घटना के संबंध पुलिस जांच कर रही है। महिला की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसके कारण पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

**इनका कहना है**

रात्रि में सूचना प्राप्त हुई थी एक महिला घर के अंदर मृत अवस्था में पड़ी हुई है मौके पर जाकर देखा गया महिला घर के अंदर मृत अवस्था में मिली परिजनों को सूचना देने के बाद मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है विवेचना के उपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी ।

**विकास कपीस**
**गढ़ थाना प्रभारी रीवा ।**

# शहर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**हनुमना में धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती**
**अखिल भारतीय विप्र परिषद द्वारा किया गया आयोजन**

मऊगंज।



जिले के हनुमना शहर में अक्षय तृतीया के पुनीत पावन अवसर पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके आयोजन कर्ता पंकज पांडे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय विप्र परिषद थे। यात्रा का शुभारंभ हनुमान जी महाराज एवं परशुराम भगवान की आरती से किया गया, तत्पश्चात पीतांबरी तिलक लगाकर शौर्य यात्रा में शामिल विप्र जनों एवं धर्म प्रेमी बंधुओ का स्वागत किया गया। समस्त विप्र जनों का अंग वस्त्र एवं परशुराम टोपी पहनाकर स्वागत किया गया।यात्रा में भगवान परशुराम जी का रथ आकर्षण का केंद्र बना रहा। ढोल एवं बाजा-गाजा की धमक से पूरा शहर गुंजायमान हो गया, यात्रा का शहर में जगह-जगह व्यापारी बंधुओ द्वारा पुष्प वर्षा एवं मिष्ठान वितरण किया गया। ग्राम पंचायत मिसिरगवॉ द्वारा शरबत सभी लोगो को पिलाया गया। भीषण गर्मी में यात्रा के दौरान शीतलता प्रदान की जा रही थी। यात्रा में जिले भर के धर्म प्रेमी एवं विप्र जन शामिल हुये।यात्रा का विधायक प्रदीप पटेल, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरयू प्रसाद वैद्य नगर पंचायत अध्यक्ष सोनू गुप्ता, सरपंच अखिलेश शुक्ला, जनपद सदस्य मुन्ना तिवारी, विनोद द्विवेदी, ज्योति गुप्ता, चंद्रकांत मिश्रा, रितेश केसरी, गुलशन केसरी, सनी केसरी, पार्षद प्रतिनिधि गुड्डा गुप्ता, राजेश गुप्ता, मोहनलाल कचेर,लव कुश गुप्ता, सिद्धांत केसरी सहित व्यापारी बंधुओ द्वारा स्वागत किया गया।

# मारपीट का रिपोर्ट करने आए फरियादी को चाकघाट थाना प्रभारी ने धमकाया ऑडियो हुआ वायरल

**पीड़ित ने एसडीओपी से की शिकायत**

रीवा ।





चाकघाट थाना प्रभारी आए दिन किसी न किसी कारण वश सुर्खियों में रहती है हाल में ही एक सोशल मीडिया में ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमें थाना प्रभारी उषा सिंह सोमवंशी ने नेता की ऐसी की तैसी सहित फरियादी को जूता मारने अमर्यादित शब्दो का किया प्रयोग करती हुई सुनाई दे रही है। थाना क्षेत्र के पड़री गांव का है। चाचा और भतीजे में विवाद हो जिसके बाद भतीजे अभय द्विवेदी ने रिपोर्ट करने थाना आए पर दो दिन तक थाना पुलिस चक्कर लगवाती रही फिर तीसरे दिन खुद थाना प्रभारी उषा सिंह सोमवंशी ने फरियादी को फोन लगा कर धमकाया और जूता मारने की धमकी दी और पीड़ित की रिपोर्ट नही दर्ज की गई। जिसके बाद पूरी घटना का आडियो वायरल हो रहा है। वही पूरे मामले पर फरियादी ने त्यौंथर एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर थाना प्रभारी के प्रति आवेदन दिया साथ ही पीड़ित ने कहा थाना प्रभारी के द्वारा जूता मारने वाले शब्दों आहत हू वरिष्ठ अधिकारियों से थाना प्रभारी पर कार्यवाही की मांग करता।

**बच्चे को मातृत्व दिवस पर रीवा पुलिस ने माँ को किया सुपुर्द**

# 6 वर्षीय मासूम के अपहर्ता गैंग 11 के सदस्यों को किया गिरफ्तार

**रीवा ।** जिले मे 6 माह के अपहरण बच्चे को पुलिस महाराष्ट्र से सकुशल रीवा लेकर पहुंची। जहां मातृ दिवस पर रीवा पुलिस ने बच्चे को मां को सुपुर्द किया है वही वारदात में शामिल गैंग के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है । सिविल लाइन थाने के बाहर 6 दिन से परिजन कर रहे थे बच्चे का कर रहे थे इंतजार बच्चे को देखकर आंखों से छलक पड़े आंसू । जिले मे दिनांक 07.05.2024 की रात्रि करीब 03 बजे थाना सिविल लाइन रीवा के कालेज चौराहा के फुटपाथ पर रात को सो रहे राजस्थान से आए फेरी वाले दंम्पति के 06 माह बालक आरेश को अज्ञात बदमाशो ने अपहरण कर लिया। माता पिता घटना के तुरन्त बाद जागे एवं मोटर सायकल सवार अपहरणर्ता का पीछा किए किन्तु बदमाश बच्चे को लेकर फरार हो गए। सूचना पर थाना सिविल लाइन रीवा मे अपराध क्रमांक 222/2024 धारा 363,370,34 ताहि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन महेंद्र सिंह सिकरवार ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिह के नेतृत्व में 03 टीम गठित की गई जिसमें तकनीकी सेल सीसीटीव्ही निरी. विरेन्द्र पटेल, फुटेज ट्रैकिंग टीम उनि. अरविन्द सिंह एवं विवेचना हेतु एसआईटी टीम नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति रितु उपाध्याय की गठित की गई इन टीमो का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा अनिल सोनकर एवं विवक लाल को दिया गया। उक्त टीम ने लगातार अपने अपने व्यवसायिक दक्षता का उपयोग करते हुए घटना के दूसरे दिन ही मोटर सायकल सवार मो. सलीम एवं अतुल जैसवाल निवासी मउगंज को चिन्हित कर लिया एवं सलीम को रात्रि मे मउगंज के निर्जन स्थान पर टीम ने घेराबंदी कर पकडा, सलीम ने पूछताछ पर पूरी घटना का खुलासा किया। विवेचना पर पाया गया कि नितिन सोनी अपनी पत्नी स्वाती के साथ मउगंज आया था।और अपने साथी मो. हारून, मो. सलीम, कु. मुस्कान रावत, देवेश जैसवाल



चालक गुड्डू गुप्ता के साथ षडयंत्र रचकर कालेज चौराहा रीवा के फुटपाथ पर फेरीवाले के बच्चे आरेश उम्र 06 माह को उनके माता पिता के पास से मोटर सायकल से उठा कर कल्याण मुम्बई महाराष्ट्र ले गया। जहां अमोल मधुकर, श्रीमति अरवी उर्फ सेजल एवं प्रदीप कोलम्बे को 08 लाख रूपए मे बेच दिया। जिसे अमोल मधुकर, श्रीमति अरवी उर्फ सेजल ने श्रीकृष्ण संतराम पाटिल को 29 लाख रूपए मे बेच दिया गया। इस खुलासे पर नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे मुम्बई भेजी गई जहां टीम ने मुम्बई पुलिस की मदद से उपरोक्त अपराधियो को गिरफ्तार कर अपहृत मासूम आरेश को बरामद करने मे सफलता प्राप्त की । पुलिस ने अभी तक मामले में कुल गैंग के 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमे मऊगंज जिले से मोहम्मद सलीम अंसारी उर्फ असलम पिता मोहम्मद सलाम अंसारी उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 06 मऊगंज गुडडू गुप्ता पिता गोविन्द प्रसाद गुप्ता उम्र 22 वर्ष रामलीला मैदान के पास मऊगंज से गिरफ्तार किया वहीतीसरे व चौथे पचमे आरोपी को पुलिस ने जबलपुर से गिरफ्तार किया है जिसमे मो0 हारूल उर्फ मुंगेरी पिता मो0 जाहिद उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 06 मऊगंज दीवेश जयसवाल उर्फ दादा पिता मुनिमाधव जयसवाल उम्र 24 निवासी वार्ड क्रमांक 05 मऊगंज हाल निवासी संजय नगर थाना समान मुस्कान रावत उर्फ पार्वती उर्फ पारो पिता देमान रावत उम्र 19 वर्ष निवासी पथरिया थाना मऊगंज पुलिस टीम ने महाराष्ट्र के मुंबई से थाना खाड़पारा थानेड़ कल्याण 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जिसमें नितिन सोनी पिता राजेष सोनी उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 04 मऊगंज जिला मऊगंज हाल चाल नंबर 206 सहार्द थाना खाड़पारा थानेड़ कल्याण स्वाती सोनी पति नितिन सोनी उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 04 मऊगंज जिला मऊगंज अमोल मधुकर अरूणकर पिता मधुकर उम्र 35 फ्लैट नंबर 1203 संतेष्वर प्लाटिनउ डीबी चौक थाना खड़पारा कल्याण अर्बी उर्फ सेजल पति अमोल मधुकर अरूणकर उम्र 32 वर्ष फ्लैट नंबर 1203 संतेष्वर प्लाटिना डीबी चौक थाना खड़पारा कल्याण प्रदीप कोलाम्बे पति कमलाकर उम्र 26 वर्ष निवासी धनीवकोट चाल रूम नंबर 01 सहार्द थाना खड़पारा कल्याण श्रीकृष्ण संताराम पाटिल पिता संताराम उम्र 53 वर्ष निवासी मुखाकचली पोस्ट कुसमी ताल्लुका अलीबाग जिला रायगढ़ वही जबलपुर मे दविस के दौरान मौका पाकर अतुल जयसवाल पिता रजनीष जयसवाल उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 मऊगंज फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है अपहरण के खुलासे के संबंध में शामिल पुलिस टीम को पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन महेंद्र सिंह सिकरवार ने 30000 ईनाम से पुरस्कृत किया है